# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 11.2.26 | 01 | 6-8 |



प्रवीण सोनी

## तेरी आख्यां का यो काजल...

हिसार। एचएयू में मंगलवार को दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव-उत्सव का भव्य आगाज हुआ। पहले दिन विद्यार्थियों ने हरियाणवी, पंजाबी, राजस्थानी और हिंदी फिल्मी गानों पर नृत्य प्रस्तुत कर स्टेज पर धमाल मचाया। इस दौरान तेरी आख्यां का यो काजल... पर छात्रा ने शानदार प्रस्तुति दी। वहीं कुछ विद्यार्थियों ने स्टेज के सामने भी डांस शुरू कर दिया और जमकर मस्ती की। ब्यूरो



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 11.2.26 | 04 | 1-6 |


# सास तेरी एक ना मानूंगी, फिल्म चन्द्रावल देखूंगी...

## एचएयू में दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव 'उत्सव' का भव्य आगाज

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में मंगलवार को दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव-उत्सव का भव्य आगाज हुआ। पहले दिन विद्यार्थियों ने हरियाणवी, पंजाबी, राजस्थानी और हिंदी फिल्मी गानों पर नृत्य प्रस्तुत कर स्टेज पर धमाल मचाया। सास तेरी एक ना मानूंगी, फिल्म चन्द्रावल देखूंगी गाने पर स्टेज प्रदर्शन और दर्शकों की तालियों ने माहौल को और उत्साहपूर्ण बना दिया। दर्शक भी कुछ देर के लिए स्टेज पर आकर विद्यार्थियों के साथ डांस करते नजर आए।


छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस महोत्सव में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बलदेव राज कांबोज ने कहा कि युवा महोत्सव केवल सांस्कृतिक मंच नहीं बल्कि अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव युवाओं को जागरूक, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाने के साथ-साथ राष्ट्र और संस्कृति में सक्रिय योगदान देने का अवसर प्रदान करता है। प्रो. कांबोज ने यह भी कहा कि युवाओं की भागीदारी साहित्य, कला और संस्कृति के प्रचार-प्रसार में सहायक होगी और देश की सांस्कृतिक विरासत को सजीव बनाए रखने में मदद करेगी।



एचएयू में इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल कार्यक्रम में मंच के सामने मैदान में नाचतीं छात्राएं। संवाद

### आठ महाविद्यालयों के छात्र और छात्राओं ने भाग लिया

कार्यक्रम में कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी विशिष्ट अतिथि रहीं। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत पगड़ी बांधकर, ढोल और नगाड़ों के साथ किया गया। महोत्सव में विश्वविद्यालय से संबद्ध आठ महाविद्यालयों के छात्र और छात्राओं ने भाग लिया। रंग-बिरंगी पोशाकों में विद्यार्थी ढोल, नगाड़ों के साथ नाचते, गाते और उत्साहपूर्वक मंच पर प्रस्तुति देते नजर आए।




हिसार एचएयू में प्रस्तुति देती प्रतिभागी। संवाद

युवा महोत्सव में भाषण प्रतियोगिता, एकल गायन, लोकगीत, समूह गायन, पाश्चात्य संगीत, कोरियोग्राफी, एकल नृत्य, फैंसी ड्रेस, वाद-विवाद और नुक्कड़ नाटक जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर विद्यार्थियों को आयोजन और प्रबंधन की जिम्मेदारियां सौंपी गईं, जिससे उनमें नेतृत्व और टीम भावना विकसित हो सके इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव, विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, निर्णायक मंडल के सदस्य, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। महोत्सव का यह उत्सव छात्रों की सांस्कृतिक, बौद्धिक और शैक्षणिक प्रतिभा को उजागर करने का प्रभावी मंच साबित हुआ।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 11.2.26 | 09 | 6-8 |

# युवा उत्सव केवल सांस्कृतिक मंच नहीं बल्कि अपनी प्रतिभा दिखाने का माध्यम भी : प्रो. काम्बोज

## हकृवि में अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव का आगाज़

हिसार, 10 फरवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव-उत्सव का आगाज हुआ। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस उत्सव में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रही। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का पगड़ी बांधकर, ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया। युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न आठ महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं भाग ले रहे हैं। कुलपति प्रो. काम्बोज ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा महोत्सव केवल सांस्कृतिक मंच नहीं, बल्कि युवाओं को प्रतिभा, ऊर्जा और रचनात्मकता को दिशा देने का सशक्त माध्यम है। यह मंच युवाओं को अपनी कला, विचार और व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करेगा। युवा महोत्सव युवाओं को केवल मनोरंजन नहीं देता बल्कि उन्हें जागरूक, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में प्रेरित करता है।



युवा उत्सव के दौरान अधिकारी व विद्यार्थी।

इस उत्सव के माध्यम से युवाओं को कला, संगीत, नृत्य, नाटक, वाद विवाद, साहित्य तथा विज्ञान आदि के क्षेत्र में छिपी हुई प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. रमेश यादव ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि विभिन्न आठ महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं रंग बिरंगी पोशाकों में ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते हुए उत्सव में पहुंचे। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय उत्सव में भाषण प्रतियोगिता, एकल गायन, लोकगीत, समूह गायन, वेस्टर्न सोंग, समूह गायन, कोरयोग्राफी, एकल नृत्य, फैंसी ड्रेस, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं। डॉ. एस.के.पाहुजा ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच संचालन छात्रा साक्षी और जसमीन ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, निर्णायक मंडल के सदस्य, वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 11.2.26 | 12 | 2-6 |

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव का आगाज

# युवा उत्सव केवल सांस्कृतिक मंच नहीं बल्कि प्रतिभा दिखाने का भी माध्यम

**कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का पगड़ी बांधकर, ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार




हिसार : मुख्य अतिथि अधिकारियों एवं विद्यार्थियों के साथ व कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव का आगाज हुआ। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस उत्सव में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रही।

कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का पगड़ी बांधकर, ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया। युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न आठ महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं भाग ले रहे हैं। पहले दिन प्रतिभागियों ने देश व प्रदेश की संस्कृति से रूबरू करवाया। युवा महोत्सव में आयोजित फैंसी ड्रेस कंप्टीशन ने सभी का मन जीत लिया। स्टेज से दी जा रही एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों पर मौके पर मौजूद विद्यार्थियों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व कुलपति प्रो. काम्बोज ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा महोत्सव केवल सांस्कृतिक मंच नहीं, बल्कि युवाओं को प्रतिभा, ऊर्जा और रचनात्मकता को दिशा देने का सशक्त माध्यम है। यह मंच युवाओं को अपनी कला, विचार और व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करेगा। उत्सव युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संवाद कौशल की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे लोक कला, लोक संगीत, और लोक परम्पराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। युवा महोत्सव से युवाओं में राष्ट्रीय एकता और सदभाव, रचनात्मक ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग, टीम भावना और अनुशासन के साथ कार्य करने में मदद मिलेगी।

### आठ महाविद्यालयों के विद्यार्थी करेंगे अपनी कला का प्रदर्शनः डॉ. रमेश यादव

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. रमेश यादव ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि विभिन्न आठ महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं रंग बिरंगी पोशाकों में ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते हुए उत्सव में पहुंचे। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय उत्सव में भाषण प्रतियोगिता, एकल गायन, लोकगीत, समूह गायन, वेस्टर्न सोंग, समूह गायन, कोरियोग्राफी, एकल नृत्य, फैंसी ड्रेस, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं। डॉ. एस.के.पाहुजा ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच संचालन छात्रा साक्षी और जसमीन ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 10.02.2026 | -- | -- |

# कला, संगीत, और लोक परम्पराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में मदद करता है युवा उत्सव : प्रो. काम्बोज

## हकृवि में दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव उत्सव शुरू

नभ-छोर न्यूज ▶▶ 10 फरवरी



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव-उत्सव आज शुरू हुआ। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस उत्सव में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रही। युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न आठ महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं भाग ले रहे हैं। कुलपति प्रो. काम्बोज ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा महोत्सव केवल सांस्कृतिक मंच नहीं, बल्कि युवाओं को प्रतिभा, ऊर्जा और रचनात्मकता को दिशा देने का सशक्त माध्यम है। यह मंच युवाओं को अपनी कला, विचार और व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करेगा। उत्सव युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संवाद कौशल की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे लोक कला, लोक संगीत, और लोक परम्पराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। प्रो. काम्बोज ने कहा कि इससे राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ साहित्य और संस्कृति को वढ़ावा देने में मदद मिलेगी। युवा महोत्सव युवाओं को केवल मनोरंजन नहीं देता बल्कि उन्हें जागरूक, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में प्रेरित करता है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सकें। इस उत्सव के माध्यम से युवाओं को कला, संगीत, नृत्य, नाटक, वाद विवाद, साहित्य तथा विज्ञान आदि के क्षेत्र में छिपी हुई प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा। छात्र कल्याण निदेशक डॉ रमेश यादव ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि विभिन्न आठ महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं रंग बिरंगी पोशाकों में ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते हुए उत्सव में पहुंचे। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय उत्सव में भाषण प्रतियोगिता, एकल गायन, लोकगीत, समूह गायन, वेस्टर्न सोंग, समूह गायन, कोरयोग्राफी, एकल नृत्य, फैंसी ड्रेस, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं। डॉ. एस.के.पाहुजा ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच संचालन छात्रा साक्षी और जसमीन ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दक्ष दर्पण न्यूज | 10.02.2026 | -- | -- |

# युवा उत्सव केवल सांस्कृतिक मंच नहीं बल्कि अपनी प्रतिभा दिखाने का माध्यम भीः प्रो. बलदेव राज काम्बोज

-हकृवि में दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव-उत्सव का हुआ आगाज

दक्ष दर्पण






**हिसारः** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव-उत्सव का आगाज हुआ। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस उत्सव में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रही। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का पगड़ी बांधकर, ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया। युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न आठ महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं भाग ले रहे हैं। कुलपति प्रो. काम्बोज ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा महोत्सव केवल सांस्कृतिक मंच नहीं, बल्कि युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा और रचनात्मकता को दिशा देने का सशक्त माध्यम है। यह मंच युवाओं को अपनी कला, विचार और व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करेगा। उत्सव युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संवाद कौशल की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे लोक कला, लोक संगीत, और लोक परम्पराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। युवा महोत्सव से युवाओं में राष्ट्रीय एकता और सदभाव, रचनात्मक ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग, टीम भावना और अनुशासन के साथ कार्य करने में मदद मिलेगी। प्रो. काम्बोज ने कहा कि इससे राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। युवा महोत्सव युवाओं को केवल मनोरंजन नहीं देता बल्कि उन्हें जागरूक, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में प्रेरित करता है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सकें। उन्होंने कहा कि देश की सांस्कृतिक विरासत को सजीव बनाए रखने के लिए युवा प्रतिस्पर्धा एवं चुनौतियों का दृढ़ता के साथ मुकाबला करके राष्ट्र और समाज के नव निर्माण में अपना सकारात्मक योगदान देने के लिए आगे आएं। इस उत्सव के माध्यम से युवाओं को कला, संगीत, नृत्य, नाटक, वाद विवाद, साहित्य तथा विज्ञान आदि के क्षेत्र में छिपी हुई प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय द्वारा उत्सव की सभी जिम्मेवारियां विद्यार्थियों को सौंपी गई है ताकि उनमें प्रबंधन के साथ साथ नेतृत्व की भावना जागृत हो सके।

**विभिन्न आठ महाविद्यालयों के विद्यार्थी करेंगे अपनी कला का प्रदर्शन**–छात्र कल्याण निदेशक डॉ रमेश यादव ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि विभिन्न आठ महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं रंग बिरंगी पोशाकों में ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते हुए उत्सव में पहुंचे। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय उत्सव में भाषण प्रतियोगिता, एकल गायन, लोकगीत, समूह गायन, वेस्टर्न सॉंग, समूह गायन, कोरयोग्राफी, एकल नृत्य, फैंसी ड्रेस, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं। डॉ. एस.के.पाहुजा ने



धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच संचालन छात्रा साक्षी और जसमीन ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, निर्णायक मंडल के सदस्य, वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 10.02.2026 | -- | -- |

# हकृवि में दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव का हुआ आगाज

**समस्त हरियाणा न्यूज**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव-उत्सव का आगाज हुआ। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस उत्सव में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रही। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का पगड़ी बांधकर, ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया। युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न आठ महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं भाग ले रहे हैं। कुलपति प्रो. काम्बोज ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा महोत्सव केवल सांस्कृतिक मंच नहीं, बल्कि युवाओं को प्रतिभा, ऊर्जा और रचनात्मकता को दिशा देने का सशक्त माध्यम है। यह मंच युवाओं को अपनी कला, विचार और व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करेगा। उत्सव युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संवाद कौशल की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे लोक कला, लोक संगीत, और लोक परम्पराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। युवा महोत्सव से युवाओं में राष्ट्रीय एकता और सदभाव, रचनात्मक ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग, टीम भावना और अनुशासन के साथ कार्य करने में मदद मिलेगी। प्रो. काम्बोज ने कहा कि इससे राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। युवा महोत्सव युवाओं को केवल मनोरंजन नहीं देता बल्कि उन्हें जागरूक, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में प्रेरित करता है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सकें। उन्होंने कहा कि देश की सांस्कृतिक विरासत को सजीव बनाए रखने के लिए युवा प्रतिस्पर्धा एवं चुनौतियों का दृढ़ता के साथ मुकाबला करके राष्ट्र और समाज के नव निर्माण में अपना सकारात्मक योगदान देने के लिए आगे आएं। इस उत्सव के माध्यम से युवाओं को कला, संगीत, नृत्य, नाटक, वाद विवाद, साहित्य तथा विज्ञान आदि के क्षेत्र में छिपी हुई प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय द्वारा उत्सव की सभी जिम्मेवारियां विद्यार्थियों को सौंपी गई है ताकि उनमें प्रबंधन के साथ साथ नेतृत्व की भावना जागृत हो सके।




**विभिन्न आठ महाविद्यालयों के विद्यार्थी करेंगे अपनी कला का प्रदर्शन**

छात्र कल्याण निदेशक डॉ रमेश यादव ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि विभिन्न आठ महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं रंग बिरंगी पोशाकों में ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते हुए उत्सव में पहुंचे। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय उत्सव में भाषण प्रतियोगिता, एकल गायन, फैंसी ड्रेस, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं। डॉ. एस.के.पाहुजा ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच संचालन छात्रा साक्षी और जसमीन ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, निर्णायक मंडल के सदस्य, वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| जगमार्ग न्यूज | 10.02.2026 | -- | -- |

# युवा उत्सव केवल सांस्कृतिक मंच नहीं बल्कि अपनी प्रतिभा दिखाने का माध्यम भी: प्रो. बलदेव राज काम्बोज

● हकृवि में दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव-उत्सव का हुआ आगाज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव-उत्सव का आगाज हुआ। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस उत्सव में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रही। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का पगड़ी बांधकर, ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया। युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न आठ महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं भाग ले रहे हैं।



कुलपति प्रो. काम्बोज ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा महोत्सव केवल सांस्कृतिक मंच नहीं, बल्कि युवाओं को प्रतिभा, ऊर्जा और रचनात्मकता को दिशा देने का सशक्त माध्यम है। यह मंच युवाओं को अपनी कला, विचार और व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करेगा। उत्सव युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संवाद कौशल की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे लोक कला, लोक संगीत, और लोक परम्पराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। युवा महोत्सव से युवाओं में राष्ट्रीय एकता और सदभाव, रचनात्मक ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग, टीम भावना और अनुशासन के साथ कार्य करने में मदद मिलेगी। प्रो. काम्बोज ने कहा कि इससे राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। युवा महोत्सव युवाओं को केवल मनोरंजन नहीं देता बल्कि उन्हें जागरूक, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में प्रेरित करता है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सकें। उन्होंने कहा कि देश की सांस्कृतिक विरासत को सजीव बनाए रखने के लिए युवा प्रतिस्पर्धा एवं चुनौतियों का दृढ़ता के साथ मुकाबला करके राष्ट्र और समाज के नव निर्माण में अपना सकारात्मक योगदान देने के लिए आगे आएं। इस उत्सव के माध्यम से युवाओं को कला, संगीत, नृत्य, नाटक, वाद विवाद, साहित्य तथा विज्ञान आदि के क्षेत्र में छिपी हुई प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 11.2.26 | 03 | 1-7 |






चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित युवा महोत्सव में हरियाणवी सिंगर राज मावर। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि अधिकारियों एवं विद्यार्थियों के साथ।

**उत्सव** • एचएयू में दो दिवसीय युवा महोत्सव का आगाज, आठ कॉलेजों के विद्यार्थी दो दिन जमाएंगे रंग

# ढोल-नगाड़ों की गूंज... रंग-बिरंगे परिधानों में मंच पर दिखी प्रतिभा, हरियाणवी डांस ने बनाया माहौल



भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का परिसर मंगलवार सुबह से ही उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। मौका था दो दिवसीय इंटर कॉलेज युवा महोत्सव का। इस दौरान कैंपस ढोल-नगाड़ों की गूंज और छात्रों की तालियों से गूंज उठा। रंग-बिरंगी पोशाकों में सजे आठ महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं नाचते-गाते कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। मंच पर पहुंचते ही कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज और विशिष्ट अतिथि कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी का पगड़ी बांधकर और ढोल की थाप पर पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया।

**पंडाल तालियों से गूंजा :** दोपहर होते-होते जैसे ही सोलो डांस और हरियाणवी डांस की प्रस्तुतियां शुरू हुईं, पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। कई विद्यार्थी अपनी सीटों पर खड़े होकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाते नजर आए।

हरियाणवी बीट्स पर मंच के साथ-साथ दर्शक भी नाचते हुए नजर आए। मंच संचालन छात्राएं साक्षी और जैसमीन ने किया और धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. एसके पाहुजा ने दिया। कुलसचिव, विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, निर्णायक मंडल के सदस्य, वैज्ञानिक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। वहीं शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायक राज मावर ने अपने गीतों से सभी को झूमने के लिए मजबूर कर दिया।





## युवा महोत्सव युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा और रचनात्मकता को पहचान देने का माध्यम

कार्यक्रम की शुरुआत के साथ ही कुलपति प्रो. काम्बोज ने युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव केवल सांस्कृतिक मंच नही है, बल्कि यह युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा और रचनात्मकता को पहचान देने का सशक्त माध्यम है। यह मंच युवाओं को अपनी कला, विचार और व्यक्तित्व को खुलकर सामने लाने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव युवाओं को केवल मनोरंजन नहीं देता, बल्कि उन्हें जागरूक, जिम्मेदार और आत्मनिर्भर नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करता है। शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भागीदारी को उन्होंने सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी बताया।



## महोत्सव के दौरान दो दिन होंगे सांस्कृतिक मुकाबले

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. रमेश यादव ने कहा कि कि दो दिवसीय महोत्सव में भाषण प्रतियोगिता, एकल व समूह गायन, लोकगीत, वेस्टर्न सॉन्ग, कोरियोग्राफी, एकल नृत्य, हरियाणवी नृत्य, फैंसी ड्रेस, वाद-विवाद और नुक्कड़ नाटक जैसी कई प्रतियोगिताएं होंगी। उन्होंने बताया कि आयोजन की बड़ी जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सौंपी गई है, ताकि उनमें नेतृत्व और प्रबंधन कौशल विकसित हो सके।